कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)
E-mail - eecdpwd_uki@rediffmail.com Phone/Fax No. - 01371-237084

पत्रांक 256/03 ए०ल०ए० दिनांक 20/02/2020

सेवामें,
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, कोटबंगला,
उत्तरकाशी।

विषय :– **प्रपोजल संख्या FP/UK/ROAD/15527/2015 विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत खाण्ड गांव से रौंतल मोटर मार्ग के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ :– **आपका पत्र संख्या 2934/12–1 कोटबंगला दिनांक– 07/02/2020**

महोदय,

प्रपोजल संख्या **FP/UK/ROAD/15527/2015** जनपद उत्तरकाशी के वि०खं० चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत खाण्ड गांव से रौंतल मोटर मार्ग पर लगी आपत्ति का निराकरण निम्न प्रकार है–

**आपत्ति** :– प्रस्तावित मोटर मार्ग में रौंतल गांव पूर्व से ही मोटर मार्ग से जुड़ा है ।

**निराकरण** :– ग्राम रौतल हेतु अदनी–रौंतल मोटर मार्ग से पूर्व में ही निर्मित है एवं रौंतल गांव प्रस्तावित मोटर मार्ग का अन्तिम बिन्दु है। खाण्ड गांव तक मोटर मार्ग 2.00 कि0मी0 लम्बाई में पूर्व में ही निर्मित है। प्रस्तावित मोटर मार्ग का प्रारंभिक बिन्दु खाण्ड गांव मोटर मार्ग के कि0मी0 2 के एच0पी0 बैण्ड से प्रस्तावित है। वर्तमान में अदनी–रौंतल मोटर मार्ग जिससे रौंतल गांव जुड़ा है के कि0मी0 1.00 भूस्खलन प्रभावित भाग है। इस मार्ग के निकट भविष्य में क्षतिग्रस्त होने की दशा में वर्तमान में प्रस्तावित खाण्ड से रौंतल मोटर मार्ग से ही रौंतल एवं खाण्ड प्रारस्परिक यातायात के प्रयोग में लाया जाना है तथा प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से दोनों गांव के बीच की दूरी 38.00 कि0मी0 कम हो जायेगी।

प्रपत्रों एवं के0एम0एल0 फाईल के अनुसार एक ही गांव सड़क से लाभन्वित होता प्रतीत होता है लेकिन वास्तविक तौर पर दो गांव (खाण्ड एवं रौंतल) लाभन्वित होंगे।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगोचर रखते हुये जनहित में 1.525 हे० वन भूमि को मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रदत्त करने की कृपा करें।

संलग्न– प्रस्तावित मोटर मार्ग का की–प्लान।


भवदीय

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.,
चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी

की - प्लान

प्रपोजल सं॰ FP/UK/ROAD/15527/2015

रवाण्ड गांव से रौंतल मोटर मार्ग




पूर्व में निर्मित मोटर मार्ग

प्रस्तावित मोटर मार्ग

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो०नि०वि०

Executive Engineer
Const. Division, PWD
Chinyalisaur, Uttarkashi

2/2020